31/08/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल महाराष्ट्र से देश भर के कई अन्य पार्कों के साथ लोअर सुबनसिरी जिले के जीरो के तारिन में एकीकृत एक्वा पार्क का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि जीरो में एक्वा पार्क राज्य में मत्स्य पालन क्षेत्र को बदलने और स्थानीय आजीविका और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि यह स्थानीय जलीय कृषि को बढ़ाएगा और किसानों के लिए आय के नए अवसर पैदा करेगा। राज्य के मत्स्य मंत्री गेब्रियल डी. वांगसू, उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हुए, उन्होने इसे राज्य के लिए एक महत्वपूर्ण दिन बताया। उन्होंने उपस्थित लोगों को बताया कि एक्वा पार्क को प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत विकसित किया गया है और यह इस योजना के तहत देश में कार्यान्वित की जा रही एकमात्र बड़ी परियोजना है।

00000000000000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि महिलाओं पर अत्याचार और बच्चों की सुरक्षा समाज के लिए गंभीर चिंता के विषय हैं। उन्होंने कहा कि देश में महिलाओं की सुरक्षा के लिए कानून बनाए गए हैं लेकिन इसे और अधिक सक्रिय बनाने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में जिला न्यायपालिका के दो दिन के राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद यह बात कही। उन्होंने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अत्याचार से संबंधित मामलों में जितने जल्दी से निर्णय लिए जाएंगे उतने ही जल्दी महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो पाएगी। श्री मोदी ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने से लोकतंत्र की जननी के रूप में भारत का सम्मान बढ़ा है।

उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय का पंद्रह वर्ष, भारतीय संविधान और इसके संवैधानिक मूल्यों की यात्रा है।

00000000000000

अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के.टी. परनायक ने सोलुंग के त्यौहार के अवसर पर राज्य के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। सोलुंग पर अपनी शुभकामनाएं देते हुए राज्यपाल ने कहा कि इस शुभ अवसर पर मैं फसलों और समृद्धि की देवी 'किने नाने, पशु जगत के देवता 'दादी बोटे, बुद्धि के देवता 'डोयिंग-बोटे' और अन्य सभी देवताओं से प्रार्थना करता हूं कि वे पूरी मानव जाति पर अपना आशीर्वाद बरसाएं और सभी के लिए शांति, प्रगति और समृद्धि की लंबी अवधि की शुरुआत करें। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आदि समुदाय का यह त्यौहार राज्य की सांस्कृतिक समृद्धि को प्रदर्शित करता रहेगा।

0000000000000000000000

महिला एवं बाल विकास मंत्री दासंगलू पुल ने कल अधिकारियों के साथ पोषण अभियान के तत्वावधान में 7वें राष्ट्रीय पोषण माह 2024 के शुभारंभ समारोह में भाग लिया। उन्होने कहा कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, मुख्यमंत्री पेमा खांडू के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुपोषण मुक्त राष्ट्र के सपने को साकार करने की दिशा में काम कर रहा है। पर्यावरण और भावी पीढ़ियों के पोषण में सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतीक "एक पौधा माँ के नाम" थीम के साथ पौधारोपण अभियान चलाया गया।

000000000000000000000000

ईटानगर जिला प्रशासन ने कल आईजी पार्क में ईटानगर राजधानी क्षेत्र के मास्टर प्लान के कार्यान्वयन और अरुणाचल प्रदेश बिल्डिंग बाय-लॉज 2010/19 के प्रवर्तन पर विभिन्न हितधारकों के साथ एक बैठक बुलाई। इस अवसर पर राजधानी जिला उपायुक्त तालो पोटोम ने कहा कि अनियोजित विकास ने पहले ही राजधानी के विकास में बाधा उत्पन्न की है और बेहतर भविष्य के लिए मास्टर प्लान के कार्यान्वयन के लिए सभी हितधारकों के समर्थन और भागीदारी की मांग की। निदेशक टाउन प्लानिंग लीखा सूरज ने बताया कि ईटानगर मास्टर प्लान 2031 बेहतर ईटानगर के लिए एक दूरदर्शी दस्तावेज है जो हर पहलू में शहर के विकास को सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि ईटानगर योजना क्षेत्र के भीतर भूमि उपयोग और निर्माण गतिविधियों को ईटानगर योजना प्राधिकरण द्वारा विनियमित किया जाएगा।

0000000000000000

दुमपोरिजो विधायक रोडे बुई ने गुरुवार को हरियाणा के मुख्यालय में एनएचपीसी लिमिटेड के चेयरमैन के साथ बैठक की और अपर सुबनसिरी जिले में प्रस्तावित हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी दी। बैठक में उन्होने प्राधिकरण को परियोजना के शीघ्र और तेजी से पूरा होने की जानकारी दी क्योंकि इस परियोजना से अपर सुबनसिरी जिले के लोगों को लाभ होगा और क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। विधायक ने क्षेत्र में परियोजना के कार्यान्वयन में किसी भी तरह की सहायता का आश्वासन भी दिया, हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट अपर सुबनसिरी जिले के लोगों की लंबे समय से मांग थी।

0000000000000000000000

Indigenous Affairs Department ने पापुम पारे जिला प्रशासन के सहयोग से कल दोईमुख रोनो मैदान में Indigenous पुरोहिती प्रणाली के संरक्षण और पुनरुद्धार पर एक कार्यशाला आयोजित की। कार्यशाला में पारंपरिक पुरोहित भूमिकाओं को बनाए रखने के महत्व पर ध्यान केंद्रित किया गया । कार्यशाला में प्रतिभागियों ने ओरम पकनम, पिरया पिनम, चंगतम निडव आदि जैसे अनुष्ठानों और सामाजिक सद्भाव बनाए रखने में पुजारियों की भूमिका का प्रदर्शन किया।0000000000000

प्रदेश पुलिस ने शुक्रवार को ड्रग्स तस्करी के आरोप में एक पुलिस कांस्टेबल समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने कांस्टेबल और ड्रग तस्कर को गुरुवार को वेस्ट सियांग जिले के पुसी डोके गांव से 13.36 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया, जिसकी कीमत 50,000 रुपये है, यह जानकारी वेस्ट सियांग के डीएसपी मोगे बोले ने दी। यह ऑपरेशन एक गुप्त सूचना के आधार पर पुसी डोके गांव के पास एनएच 13 पर एक नाका के दौरान पकड़ा गया। आलो पुलिस स्टेशन में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।